पर्चा डिक्री

न्यायालय : सहायक कलक्टर (फास्ट-ट्रैक) भादरा, जिला हनुमानगढ़

पीठासीन अधिकारी : श्रीमती निधि उड़सरिया आरएएस

प्रकरण सं0 : 229/2025

अनवान :

1. रमेश कुमार पुत्र भरतसिंह जाति जाट निवासी खचवाना तहसील भादरा।

:—वादी

बनाम

1. राजेन्द्र पुत्र मंगलाराम जाति जाट निवासी गढडा तहसील भादरा।
2. आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड शाखा शेरडा जरिये शाखा प्रबंधक।
3. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार (राजस्व) भादरा।

:— प्रतिवादीगण

निर्णय **दिनांक** 26.11.2025

आज यह वाद न्यायालय सहायक कलक्टर फास्ट—ट्रैक भादरा के समक्ष वकील वादी श्री सरजीत बिजारणियां तथा वकील प्रतिवादी श्री श्रवण कुमार की उपस्थिति मे निर्णय हेतु प्रस्तुत होने पर पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रस्तुत प्रकरण मे वादभूमि रोही मौजा बुढेर के खाता सं0 68/66 के खसरा सं0 184, 210 कुल खसरा 2 की 5.4880 है0 बारानी वादभूमि वादी का 174/343 हिस्सा व प्रतिवादी राजेन्द्र के नाम 169/343 हिस्सा दर्ज राजस्व रिकार्ड है। उक्त वादभूमि में वादी अपने नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज हिस्सा अनुसार खातेदारी भूमि का अच्छी मन्दी के हिसाब से खाता विभाजन चाहा है जिसका विभाजन प्रस्ताव तैयार किया जाकर तहसीलदार भादरा द्वारा मुताबिक अपनी रिपोर्ट व मय रगंदार नक्शा तहसीलदार भादरा के पत्रांक भू.अ./25/903 दिनांक 25.11.2025 को विभाजन प्रस्ताव पेश हुआ। विभाजन प्रस्ताव पर उभय पक्षकारान को सुना गया। वकील वादी तथा वकील प्रतिवादी ने विभाजन प्रस्ताव पर सहमति जाहिर की। अतः तहसीलदार भादरा के द्वारा रोही मौजा बुढेर का प्रस्तुत विभाजन प्रस्ताव के आधार पर पक्षकारान खाता व लगान निम्न प्रकार से विभाजित किया जाता है:—

विभाजन : रोही मौजा बुढेर

1 **रमेश कुमार पुत्र अमरसिंह जाति जाट सा0 खचवाना खातेदार** :— रोही मौजा बुढेर के खाता संख्या 68/66 के खसरा संख्या 210 की 2.784 है0 बारानी।

2 **राजेन्द्र पुत्र मंगलाराम जाति जाट सा0 देह खातेदार** :— रोही मौजा बुढेर के खाता संख्या 68/66 खसरा संख्या 210 की 2.540 व खसरा संख्या 184 की 0.164 है0 बारानी कुल खसरा 2 की कुल 2.704 है0 बारानी ।

किसी भी खातेदार का हिस्सा किसी बैंक के रहन है तो विभाजन के बाद रहन संबंधित काश्तकार के संबंधित हिस्से पर शिफ्ट किया जावे। तहसीलदार राजस्व भादरा द्वारा प्रस्तुत विभाजन प्रस्ताव को पर्चा डिक्री का भाग पढ़ा जावें।

Signature Not Verified
Digitally signed by Nidhi Udsaria
Date: 2025.12.02 11:50:13 IST
Reason: SelfAttested

यह पर्चा डिक्री आज दिनांक 26.11.25 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी की गई।

(निधि उड़सरिया)RAS
सहायक कलक्टर
भादरा, जिला हनुमानगढ़

सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रैक) भादरा